जाने के आदेश दिये गये हैं । इस संबंध में अभिलेख के अवलोकन से यह पाया जाता है कि प्रश्नाधीन भूमि का सर्वप्रथम विक्रय वर्ष 1995 में श्री गुरूदयाल पिता सरदार सज्जनसिंह के पक्ष में पंजीकृत विक्रयपत्र द्वारा किया गया । बाद में प्रश्नाधीन भूमि एग्रीकल्चर फॉर्म तर्फे गुरूदयाल पिता सरदार सज्जनसिंह द्वारा मुख्तयार आम - सुदामालाल से अपीलार्थी द्वारा पंजीकृत विक्रयपत्र दिनांक 24-3-1999 को क्रय की है । अपीलार्थी द्वारा भी उक्त भूमि का विक्रय श्रीमती लता पति मधुकर रोकडे एवं नितिन पिता मधुकर रोकडे को दिनांक 24-10-10 को पंजीकृत विक्रयपत्र के माध्यम से किया जा चुका है, इस प्रकार स्पष्ट है कि प्रश्नाधीन भूमि का विक्रय तीन व्यक्तियों को हो चुका है । कलेक्टर के आदेश से स्पष्ट होता है कि उनके द्वारा इस तथ्य पर विचार नहीं किया गया कि प्रथम विक्रय पट्टाधारी द्वारा गुरूदयाल के हित में किया गया है, वह अनुमति लेकर किया गया था या नहीं बिना इस संबंध में बिना किसी प्रकार जांच कराए तहसीलदार के प्रतिवेदन को ही सही मानते हुए यह निष्कर्ष निकालना कि भूमि का विक्रय अपीलार्थी को सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना किया गया है, न्यायिक एवं विधिसम्मत नहीं है ।

6/ आवेदक द्वारा इस न्यायालय के समक्ष अपर कलेक्टर इंदौर के प्रकरण क्रमांक 01/अ-21/93-94 में पारित आदेश दिनांक 13-2-95 एवं कलेक्टर, इंदौर के न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 39/अ-74/14-15 में पारित आदेश दिनांक 28-7-15 की प्रति पेश की गई । प्रकरण क्रमांक 01/अ-21/93-94 में पारित आदेश दिनांक 13-2-95 की प्रति के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि मूल पट्टेदार श्री शंकर पिता खेमा निवासी केलोल कर्ताल को ग्राम केलोद कर्ताल की भूमि सर्वे नंबर 906/8 पैकी रकबा 0.538 हैक्टर भूमि गैर आदिवासी श्री गुरूदयाल पिता सज्जनसिंह को विक्रय करने की अनुमति प्रदान की गई है और इसी आदेश के आधार पर कलेक्टर, इंदौर ने उनके समक्ष प्रचलित प्रकरण क्रमांक 39/अ-74/14-15 को आदेश दिनांक 28-7-15 द्वारा समाप्त किया गया है । इस प्रकरण में भी जो विवाद है वह भूमि सर्वे नंबर 906/8 रकबा 0.538 के संबंध में ही है । चूंकि पट्टाधारी द्वारा भूमि का विक्रय सक्षम अधिकारी की अनुमति के उपरांत गुरूदयाल पुत्र सज्जन सिंह को किया गया है, और संहिता में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि एक बार भूमि का विक्रय सक्षम अधिकारी की अनुमति के उपरांत होने के बाद क्रेता द्वारा किसी अन्य व्यक्ति को भूमि का विक्रय किये जाने पर सक्षम अधिकारी की अनुमति पुन: लेना होगी । इसके अतिरिक्त इस प्रकरण में यह निर्विवादित है कि विवादित भूमि पट्टेदार को दिनांक 15-10-1977 द्वारा आवंटित की गई है,

